केंद्रीय विद्यालय क्र. 3 वायु सेना स्थल चकेरी कानपुर

KENDRIYA VIDYALAYA NO. 3 AFS CHAKERI KANPUR

दिनांक 02-04-2025

कक्षा 2 से 8 में पंजीकरण एवं प्रवेश संबंधित सूचना

1. सूचित किया जाता है कि सत्र 2025-26 के लिये **कक्षा 2 से 8 की सीमित रिक्तियों में प्रवेश हेतु** पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वेबसाईट https://no3chakeri.kvs.ac.in अथवा विद्यालय से निशुल्क प्राप्त कर दिनांक 02-04-2025 से 11-04-2025 तक प्रातः 08:00 बजे से अपराहन 11:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं।
2. सभी प्रवेश केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा जारी प्रवेश दिशा-निर्देशिका 2025-26 एवं समय-समय पर जारी स्पष्टीकरणों के अनुसार ही किए जाएंगे।
3. कक्षा 2 से 8 की सीमित रिक्तियों में प्रवेश हेतु अनंतिम सूची दिनांक 17-04-2025 को जारी की जाएगी।
4. सभी प्रवेश दिनांक 18-04-2025 से 21-04-2025 तक ही लिए जाएंगे। अंतिम तिथि 21-04-2025 के बाद प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
5. पंजीकरण फॉर्म के साथ निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति लगाना अनिवार्य है।
   i. बच्चे का नाम सहित जन्म प्रमाणपत्र (नगर निगम के जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र कार्यालय द्वारा जारी ऑनलाइन प्रमाणपत्र की कॉपी / सेवा पुस्तिका की प्रमाणित प्रति)
   ii. निवास प्रमाणपत्र (आधार कार्ड / मतदाता पहचान पत्र / फोन बिल / बिजली बिल / गैस कनैक्शन / ड्राइविंग लाइसेंस / तहसील द्वारा जारी निवास प्रमाणपत्र)
   iii. बच्चे का जाति प्रमाणपत्र (ऑनलाइन कॉपी, यदि लागू हो)
   iv. बच्चे की ब्लड ग्रुप रिपोर्ट
   v. बच्चे का आधार कार्ड
   vi. अभिभावक का ईमेल एवं मोबाइल नंबर
   vii. सरकारी विभाग द्वारा जारी नवीनतम सर्विस प्रमाणपत्र एवं वेतन पर्ची, यदि लागू हो (डीडीओ के नाम, पद, हस्ताक्षर एवं फोन नं. के साथ)
   viii. सरकारी विभाग द्वारा जारी कर्मचारी के स्थानांतरणों का विवरण, यदि लागू हो।
   ix. विद्यालय से आवास की दूरी का प्रमाणपत्र
   x. मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी दिव्यांग (विकलांग) प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
   xi. सरकार द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र, यदि लागू हो
6. पंजीकरण फॉर्म एवं सभी प्रमाणपत्रों में बच्चे एवं उसके माता-पिता के नाम एवं अन्य विवरण में समानता होनी चाहिए अन्यथा प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
7. एक बच्चे के लिए केवल एक ही फॉर्म भरें अन्यथा फॉर्म निरस्त माना जाएगा।
8. समय से फॉर्म न भरने अथवा उपस्थित न होने पर प्रवेश देना संभव नहीं होगा।
9. शुल्क का विवरण :-

शुल्क विवरण		कक्षा 2 के लिए	कक्षा 3 से 8 के लिए
1	प्रवेश शुल्क	रु॰ 25	रु॰ 25
2	विद्यालय विकास निधि - अप्रैल से जून 2025 तक रु. 500	रु. 1500	रु. 1500

	प्रति माह की दर से		
3	कंप्युटर फीस - अप्रैल से जून 2025 तक रु. 100 प्रति माह की दर से	-	रु. 300
	कुल देय शुल्क	रु. 1525	रु. 1825

10. प्रवेश हेतु अभिभावक को नियमानुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में ऑनलाइन अथवा बैंक में निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य है। अन्यथा प्रवेश स्वतः ही निरस्त माना जाएगा।
11. केन्द्रीय विद्यालय संगठन के पत्रांक F. 110240/04/2013/KVS/Budget दिनांक 19-03-2013 के प्रावधानों के अनुसार सेवा श्रेणी 1 से 4 के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों (सरकारी कर्मचारियों) को सामान्यतः किसी प्रकार की छूट देना संभव नहीं होगा। उक्त छूट प्राप्त करने हेतु सेवा श्रेणी 1 से 4 तक के आवेदक को अपने विभाग से बाल शिक्षा भत्ता की प्रतिपूर्ति का अधिकारी न होने का विभागीय डी.डी.ओ. द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. अधिक जानकारी के लिए कृपया विद्यालय की वैबसाइट https://no3chakeri.kvs.ac.in का अवलोकन करें अथवा विद्यालय में संपर्क करें।

प्राचार्य